2. मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय–48,552

(ख) निपटाये गये मामलों की संख्या:

वर्ष के दौरान

1 अधीनस्थ न्यायालय :	1992	1993
(i) जिला न्यायाधीशों के न्यायालय–	79,500	1,24,061
(ii) सिविल न्यायाधीशों के न्यायालय–	5,26,695	5,22,337
2. मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय–	23,063	23,375

(ग) न्यायालयों में वकीलों के उप संजात न होने के कारण मामलों के निपटारे में प्रति कूल प्रभाव पड़ा था ।

(घ) और (ङ) न्यायालयों में बकाया मामलों की समस्या पर विचार करने और उन्हें यथासंभव शीघ्रता से निपटाने के लिये उपायों और साधनों का पता लगाने के लिये मुख्य मंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायमूर्तियों की एक बैठक 4 दिसम्बर, 1993 को हुई थी, जिसकी अध्यक्षता प्रधान मंत्री ने की थी। सम्मेलन में अंगीकृत संकल्पों को सभी राज्य सरकारों संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय सहित, सभी उच्च न्यायालयों को आवश्यक कार्रवाई के लिये भेज दिया गया है।

महाराष्ट्र और गुजरात में काननी सहायता योजना

5956. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के दौरान देश में, विशेषकर महाराष्ट्र और गुजरात में कानूनी सहायता के अन्तर्गत लाभांवित हुये व्यक्तियों की वर्षवार संख्या कितनी है;

(ख) क्या इस योजना के विहित सिद्धांतों को संशोधन करने का कोई प्रस्ताव है ;

(ग) क्या यह सच है कि वर्ष 1992-93 और 1993-94 के दौरान उक्त राज्यों को इस योजना के अन्तर्गत आबंटित की गई धनराशि को पूरी तरह से उपयोग में नहीं लाया गया था ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क), (ग) और (घ) जानकारी एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी ।

(ख) विधिक/सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987, जिसे अभी प्रवृत्त किया जाना है, विधिक सहायता की पात्रता के लिये आय की अधिकतम सीमा को उच्च न्यायालय तक के मामलों में 6,000 रु० प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 9,000 रु० प्रतिवर्ष और उच्चतम न्यायालय के मामलों के लिये 9,000 रु० प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 12,000 रु० प्रतिवर्ष करता है ।

उत्तर प्रदेश में मुफत कानूनी सहायता

5957. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992-93 के दौरान उत्तर प्रदेश में कानूनी सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत कितने व्यक्ति लाभान्वित हुये हैं ;